Read Only - Save a copy to edit.

हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ आर्थिक दैनिक
व्यापारसंदेश

शनिवार
कानपुर, 16 नवम्बर 2024
वर्ष 67 अंक 312
आर.एन.आई. नं. 6984/58
रजि. मिस-2/CPM/03/KPHO/2013-14
मूल्य 2 रूपया पृष्ठ 4

e-paper : www.vyaparsandesh.com

फ्रेशर पार्टी में छात्र छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का किया प्रदर्शन

कानपुर, 15 नवम्बर (निस)। सीएसए के अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा स्नातक कृषि,वानिकी, उद्यान एवं सामुदायिक विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु फ्रेशर पार्टी-2024 का आयोजन किया। इसमें प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल किया और अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रर्दशन किया। इस कार्यक्रम में सम्बन्धित महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांचो के छात्रों ने कई प्रकार की प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता और प्रतिभा का प्रर्दशन किया। फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति ने उपस्थित छात्र छात्राओं को शिक्षा का उत्तम प्रयोग कर उज्जवल भविष्य बनाने का रास्ता बताया तथा कहा कि कठिन रास्तों में अपनी सूझबूझ व बुद्धिमत्ता के साथ अपनी मंजिल को पाना है। आप सभी विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा है अपने माता पिता तथा विश्वविद्यालय के गुरुओं का नाम रोशन करें।फ्रेशर पार्टी-2024 के विजेता मिस्टर फ्रेशर कृषि के प्रथम वर्ष के छात्र विपुल द्विवेदी रहें। मिस फ्रेशर उद्यान की छात्रा महिमा मीना रहीं। कुलपति ने सभी नवांगन्तुक छात्र छात्रों को आर्शीवाद प्रदान करने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा0 मुनीश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की सीख देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विश्वविद्यालय से पधारे अधिष्ठाता कृषि डॉ सी एल मौर्या, निदेशक शोध डॉ पीके सिंह विश्वविद्यालय सुरक्षा अधिकारी डॉ एके सिंह,डॉक्टर कौशल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी छात्रों को अपनी आर्शीवाद प्रदान किया।